Yug Karvat

Date: 15/02/2022

आईटीएस में बीडीएस का 22वां ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

युग करवट संवाददाता

मुरादनगर। आईटीएस डेन्टल कॉलेज में बीडीएस का 22वां ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलपति डॉ. अरुण के सिंह, मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ह्रदय शंकर सिंह व आईटीएसी के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा ने मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्वलन कर किया। इस मौके पर डॉ. अरुण के सिंह ने नये छात्रों को मेडिकल क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए बधाई दी।

उन्होंने कहा कि 'आज देश में हर तीसरा व्यक्ति दंत रोग से ग्रस्त है। इसलिए दंत चिकित्सक की जिम्मेदारी समाज के लिए काफी महत्वपूर्ण है'। उन्होंने सभी छात्रों को सलाह दी कि वह अपने आप को दंत चिकित्सा के क्षेत्र मे विकसित करें एवं मरीजों का सम्मान करे। वहीं डॉ. ह्रदय शंकर सिंह ने कहा कि 'मेडिकल पढ़ाई करने के बाद छात्रों का उद्देश्य व्यवसायिक गतिविधि नहीं होना बल्कि समाज की सेवा करना परम कर्तव्य होना चाहिए'। इस मौके पर कॉलेज के चैयरमेन आरपी चड्ढा व वाइस चेयरमेन अर्पित चड्ढा ने भी छात्रों को संबोधित किया।

इस दौरान कॉलेज में प्रवेश लेने वाले नये छात्रों को फूल देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर सुरेन्द्र सूद, श्रीनाथ ठाकुर, प्रधानाचार्य डॉ. देवीशरण शेट्टी सहित अन्य स्टाफ सदस्य व छात्र मौजूद रहे।

Drashti Sagar

Date: 15/02/2022

आईटीएस डेन्टल कॉलेज मे बीडीएस ओरिएन्टेशन कार्यक्रम का आयोजन

■ दृष्टि सागर संवाददाता

गाजियाबाद। आईटीएस डेंटल कॉलेज, मुरादनगर में 22 वाँ बीडीएस सत्र प्रारंभ करने के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आईटीएस डेंटल कॉलेज के अभी तक के सभी उत्तीर्ण विद्यार्थी दंत चिकित्सक के रूप में देश और विदेश में कार्यरत है तथा विद्यार्थियों को ग्रामीण अंचल क्षेत्रो में अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया जाता है। ओरिएंटेशन कार्यक्रम का प्रारम्भ विशिष्ट अतिथि प्रो अरूण के सिंह, डॉ हृदय शंकर सिंह, चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा एवं डायरेक्टर पीआर सुरिन्द्र सूद तथा संस्थान के डायरेक्टर-पीजी कोर्सेज, डॉ श्रीनाथ ठाकुर और प्रधानाचार्य, डॉ देवी चरण शेट्टी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं माँ सरस्वती वंदना के साथ किया गया। अरूण के सिंह ने सभी नवीन विद्यार्थियों एवं उनके माता-पिता को इस आईटीएस कॉलेज में प्रवेश लेने के लिये बधाई दी। उन्होंने छात्रों को बताया कि बीडीएस पाठ्यक्रम को चुनकर सही निर्णय लिया है। डॉ हृदय शंकर सिंह ने सभी विद्यार्थियों के साथ अपने जीवन के अनुभव को साझा किया। उन्होंने बताया कि समाज की सेवा हमारा परम कर्तव्य होना चाहिए। आईटीएस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा ने बीडीएस में प्रवेश लेने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनायें दी।

Manasvi Vani

Date: 15/02/2022

ओरिएंटेशन कार्यक्रम का अटल बिहारी वाजपेयी के कुलपति ने किया शुभारम्भ

मनस्वी वाणी संवाददाता



मुरादनगर। दिल्ली मेरठ मार्ग पर आईटीएस डेन्टल कॉलेज में बीडीएस का 22 वां ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पहले दिन छात्रों को फूल देकर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलपति डॉ. अरुण के सिंह व मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. हृदय शंकर सिंह व आईटीएस के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा ने मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्वलन करके किया। इस मौके पर डॉ. अरुण के सिंह ने नये छात्रों को मेडिकल क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज देश में हर तीसरे व्यक्ति दंत रोग से ग्रस्त है। इसलिए दंत चिकित्सक की जिम्मेदारी समाज के लिए काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी छात्रों को सलाह दी कि वह अपने आप को दंत चिकित्सा के क्षेत्र मे विकसित करें एवं मरीजों का सम्मान करे। उन्होंने कहा कि मै आशा करता हूं कि अगले साल विश्वविद्यालय द्वारा घोषित मेरिट लिस्ट में शामिल छात्रों से मिल जाए। आप पढ़ाई मेहनत व लगने के साथ करे। इसके अलावा डॉ. हृदय शंकर सिंह ने कहा कि छात्रों को मेडिकल पढ़ाई करने के बाद छात्रों का उद्देश्य व्यवसायिक गतिविधि चलाने नहीं होना चाहिए ,बल्कि समाज की सेवा करना ही हमारा परम कर्तव्य होना चाहिए। इस मौके पर कॉलेज के चेयरमेन आरपी चड्ढा व वाईस चेयरमेन अर्पित चड्ढा ने भी सम्बोधित किया। कॉलेज में प्रवेश लेने वाले नये छात्रों को फूल देकर उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर सुरेन्द्र सूद , श्रीनाथ ठाकुर ,प्रधानाचार्य डॉ. देवीशरण शेट्टी सहित मौजूद थे।